जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 7022 / 2024 दिनांकः 26 सितम्बर, 2024

शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः–'समर्थ पोर्टल' पर स्टूडेन्ट्स डाटा लागिन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपरोक्तानुक्रम में सादर सूच्य है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा 'समर्थ पोर्टल' पर स्टूडेन्ट्स डाटा लागिन किये जाने की गति बहुत धीमी है। 'समर्थ पोर्टल' की विगत सम्पन्न समीक्षा बैठक में विश्वविद्यालय की प्रगति अत्यन्त धीमी होने के कारण कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी है, जबकि पूर्व में इस आशय के अनेकों निर्देश दिये गये थे। सूच्य है कि विश्वविद्यालय में स्नातक / परास्नातक स्तर पर तृतीय और पंचम सेमेस्टर में कुल विद्यार्थियों की संख्या लगभग 42,000 है, जबकि अद्यतन केवल 19,700 विद्यार्थियों का ही स्टूडेन्ट्स डाटा लागिन हो पाया है।

अतः शासन के निर्देशानुसार सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक दशा में दिनांकः 30 सितम्बर, 2024 तक तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का स्टूडेन्ट्स डाटा लागिन कराने का कष्ट करें, अन्यथा की दशा में पोर्टल बन्द होने पर इन विद्यार्थियों का डाटा लागिन सम्भव नहीं हो सकेगा और ये विद्यार्थी परीक्षा फार्म आदि से वंचित हो जायेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

भवदीय,

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. डॉ0 नीलमणि त्रिपाठी, नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल।
3. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com